# विष्वविद्यालय में कौषल विकास कार्यक्रम के प्रषिक्षित युवाओं की पहली कार्यषाला का आयोजन

पंतनगर। 1 जुलाई 2025। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं पार्टनर्स इन प्रॉसपेरिटी संस्था, पंतनगर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि महाविद्यालय में पूर्व प्रशिक्षित युवाओं का नेटवर्क मीट का आयोजन 26 जून 2025 को किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा की गयी। उन्होंने प्राध्यापक डा. धनंजय कुमार सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2004 से जैविक खेती के क्षेत्र में कार्यरत हैं तथा अपने वैज्ञानिक सुझावों और नवाचारों को ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और युवाओं तक पहुंचाने पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक प्रभाव तब होता है जब हम सीखी गई तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करें। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों का उपयोग कर किसान स्वावलंबी और टिकाऊ कृषि मॉडल अपना सकते हैं।

ग्रामीण युवाओं के लिए एक संगठित पहल के रूप में वर्ष 2019 में कोलिब्री फाउंडेशन, बेल्जियम के सहयोग से पार्टनर्स इन प्रॉसपेरिटी संस्था द्वारा पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर उत्तराखंड के नैनीताल जिले में कृषि आधारित व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और युवाओं के पलायन की समस्या को कम करना तथा जैविक खेती को बढ़ावा देना था। इस प्रयास में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय ने तकनीकी सहयोगी की भूमिका निभाई। अब तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत 3126 ग्रामीण युवाओं को व्यावसायिक कृषि प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। पूर्व प्रशिक्षित युवाओं को एक मंच पर लाकर अनुभव साझा करने और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु यह प्रथम पूर्व प्रशिक्षित युवाओं की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यषाला में प्राध्यापक डा. डी.के. सिंह की महत्वूपर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में निदेषक शोध डा. ए.एस. नैन, अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चंद्रा, सचिव गवर्निंग बोर्ड, पीएनपी डा. जी.सी. सिलुवप्पन एवं श्रेत्रीय प्रमुख, पीएनपी श्री संजय साह भी उपस्थित रहे।